फा.सं. ए-35021/02/2023-प्रशा.II
संघ लोक सेवा आयोग

धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड
नई दिल्ली-110069
दिनांक: 02/ 11 /2023

रिक्ति परिपत्र

**विषय:- संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में वेतन मेट्रिक्स के स्तर-8 (रु.47600-151100) में पर्यवेक्षक (गोपनीय) (साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह-'ख', राजपत्रित, अननुसचिवीय) के चार (04) पदों को प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) या आमेलन, पूर्व सैनिकों के लिए – प्रतिनियुक्ति या पुनर्नियोजन के आधार पर भरे जाने के संबंध में।**

संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में वेतन मेट्रिक्स के स्तर-8 (रु. 47600-151100) में पर्यवेक्षक (गोपनीय) (साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह-'ख', राजपत्रित, अननुसचिवीय) के ग्रेड में चार (04) रिक्तियों को प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)] या आमेलन, पूर्व सैनिकों के लिए – प्रतिनियुक्ति या पुनर्नियोजन के आधार पर भरे जाने का प्रस्ताव है।

2. पात्रता की शर्तें:
अधिसूचित भर्ती नियमों के अनुसार, पर्यवेक्षक (गोपनीय) के पद हेतु चयन का क्षेत्र एवं पात्रता की शर्तें निम्नानुसार है:-

**प्रतिनियुक्ति जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है या आमेलन**

केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्था या विश्वविद्यालय या पब्लिक सेक्टर उपक्रम या कानूनी संगठन या स्वायत्त संगठन के ऐसे अधिकारी :-

**(क)** **(i)** जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हों; **या**

**(ii)** जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स में स्तर-7 (रु.44900-142400) या तुल्य में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् दो वर्ष सेवा की हो; या

**(iii)** जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर - 6 (रु.35400-112400) या तुल्य में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् छह वर्ष सेवा की हो; और

**(ख)** जिनके पास निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव हों:-

**(i)** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से बैचलर डिग्री; और

**(ii)** केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या विश्वविद्यालय या सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्था या कानूनी संगठन या स्वायत्त संगठन में स्ट्रॉग रूम प्रचालनों या परीक्षाओं के आयोजन की संवेदनशील सामग्री को हैंडल करने के बारे में तीन वर्ष का अनुभव।

केसांग

**पूर्व सैनिकों के लिए:**
**प्रतिनियुक्ति / पुनर्नियोजन:**

सशस्त्र बल के ऐसे कार्मिकों के संबंध में भी विचार किया जाएगा जो एक वर्ष की अवधि के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले हैं या रिज़र्व में स्थानान्तरित किए जाने वाले हैं और जिनके पास प्रतिनियुक्त व्यक्तियों के लिए विहित अर्हताएं और अनुभव है। यदि उनका चयन हो जाता है तो ऐसे अधिकारियों को उस तारीख तक प्रतिनियुक्ति के निबंधनों पर रखा जाएगा जिस तारीख से उन्हें सशस्त्र बल से निर्मुक्त किया जाना है, तत्पश्चात् उन्हें पुनर्नियोजन पर रहने दिया जा सकता है। यदि ऐसे पात्र अधिकारी सेवानिवृत्त हो जाते हैं या उस पद पर वास्तविक चयन होने से पूर्व रिज़र्व में स्थानांतरित कर दिए जाते हैं तो उनकी नियुक्ति, सिविल पदों के प्रदिनिर्देश से अधिवर्षिता की आयु तक पुनर्नियोजन आधार पर की जाएगी।

**टिप्पण-1:** केवल केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के अधिकारी ही आमेलन के पात्र होंगे।

**टिप्पण-2:** प्रतिनियुक्ति की अवधि, इस नियुक्ति से तत्काल पूर्व धारित किसी संवर्ग-बाह्य पद पर उसी या किसी अन्य संगठन में या केन्द्र सरकार के किसी विभाग में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**टिप्पण-3:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

3. **पर्यवेक्षक (गोपनीय) के पद से जुड़े कार्यों / जिम्मेदारियों की सूची:-**

i. स्ट्रॉग रूम के पैंकिंग, बैगिंग, पार्सलिंग आदि जैसे प्रचालनात्मक कार्यों की सुरक्षित और समय-बद्ध समाप्ति के लिए जिम्मेदार।

ii. स्ट्रॉग रूम में/से संवेदनशील सामग्रियों की सुरक्षित पावती तथा प्रेषण सुनिश्चित करना।

iii. स्ट्रॉग रूम में संवेदनशील सामग्री का उचित लेखा-जोखा और सुरक्षित संग्रहण सुनिश्चित करना।

iv. परीक्षा संबंधी सभी सामग्री का सुरक्षित तथा सुव्यवस्थित संग्रहण सुनिश्चित करना।

v. स्ट्रॉग रूम / कर्तव्यों के दायरे के संबंध में जन शक्ति एवं लॉजिस्टिक्स का विवेकपूर्ण प्रबंधन सुनिश्चित करना।

vi. उन्हें सौंपे गए तल (फ्लोर) की सुरक्षा प्रबंधन के लिए जिम्मेदार।

vii. स्ट्रॉग रूम सहित गोपनीय शाखा में अग्नि सुरक्षा प्रबंधन के लिए जिम्मेदार।
viii. वरिष्ठ अधिकारियों/शाखा प्रमुख द्वारा सौंपे गए कोई अन्य कार्य।

4. **वेतन का विनियमन और प्रतिनियुक्ति की अन्य शर्तें :-**

चयनित उम्मीदवार का वेतन, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17.06.2010 के समय-समय पर यथासंशोधित का.ज्ञा. सं. 6/8/2009-स्था.(वेतन-II) में निहित प्रावधानों के अधीन विनियमित होगा।

केसा।वा

5. आयु सीमा: प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**6. प्रतिनियुक्ति की अवधि:** प्रतिनियुक्ति की अवधि, इस नियुक्ति से तत्काल पूर्व धारित किसी संवर्ग-बाह्य पद पर उसी या किसी अन्य संगठन में या केन्द्र सरकार के किसी विभाग में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

7. पात्र उम्मीदवारों, जिन्हें चयन होने पर तत्काल कार्यमुक्त किया जा सकता है, के आवेदन पत्र (दो प्रतियों में), केवल निर्धारित प्रपत्र (अनुबंध-I) में, अग्रेषण प्राधिकारी के प्रमाण-पत्र (अनुबंध-II में दिए गए प्रपत्र में) के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों सहित **श्री के.एन.भूटिया, अवर सचिव (प्रशा.II), कमरा सं. 218, एनेक्सी भवन, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड़, नई दिल्ली**-110069 को इस विज्ञापन के इम्प्लाएमेंट न्यूज़/रोजगार समाचार में प्रकाशन की तारीख से 60 दिन के भीतर, अग्रेषित कर दिए जाएं:-

(i) सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र।

(ii) कर्मचारी पर पिछले 10 वर्षों के दौरान लगाई गई दीर्घ/लघु शास्तियां, यदि कोई हों, की सूची (यदि कोई शास्ति नहीं लगाई गई है तो 'शून्य' प्रमाण-पत्र संलग्न किया जाए)

(iii) सतर्कता अनापत्ति प्रमाण-पत्र।

(iv) पिछले 5 वर्षों (2016-17 से 2021-22) की वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों की अनुप्रमाणित फोटोप्रतियां *(भारत सरकार के कम से कम अवर सचिव स्तर के किसी अधिकारी द्वारा प्रत्येक पृष्ठ पर अनुप्रमाणित)*।

**उम्मीदवारों को आयोग की वेबसाइट अर्थात् http://www.upsc.gov.in/vacancy-circulars पर भी अनिवार्य रूप से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उचित माध्यम से या अपेक्षित प्रमाण-पत्रों तथा आवश्यक दस्तावेज़ों के बिना प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।**

8. इस पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को बाद में उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। **अतिरिक्त जानकारी एवं आवेदन के लिए निर्धारित प्रपत्र हेतु संघ लोक सेवा आयोग की आधिकारिक वेबसाइट (http:/www.upsc.gov.in/vacancy-circulars) देखें।**

**सरकार ऐसा कार्मिक बल तैयार करने के लिए प्रयासरत है, जो महिला और पुरुष कर्मियों के संतुलन को दर्शाता हो और महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।**

केएनबी

(के.एन.भूटिया)
अवर सचिव (प्रशा.II)
संघ लोक सेवा आयोग
दूरभाष संख्या 011-23388476

**<u>प्रति प्रेषित</u> :-**

1. केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ शासित क्षेत्र या विश्वविद्यालय या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्था या पब्लिक सेक्टर के उपक्रम या अर्ध-सरकारी या कानूनी या स्वायत्त संगठनों के सभी कार्यालय (मानक सूची के अनुसार)
2. संघ लोक सेवा आयोग के सभी नोटिस बोर्ड - पात्र और इच्छुक अधिकारी अपने आवेदन अपने संबंधित प्रशासन अनुभाग के माध्यम से निर्धारित तारीख तक भेजें।
3. वेब सेल, संघ लोक सेवा आयोग को इस रिक्ति परिपत्र को आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
4. सहायक निदेशक, विज्ञापन अनुभाग, इम्प्लायमेंट न्यूज, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, कमरा सं.764, 7वां तल, सूचना भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 को इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र के सूचनापरक विज्ञापन को इम्प्लायमेंट न्यूज/रोजगार समाचार के आगामी अंक में प्रकाशित करें।
5. एनआईसी, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग - इस अनुरोध के साथ कि इस रिक्ति परिपत्र को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करें।

केशांवा

अनुबंध-I

**संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में पर्यवेक्षक (गोपनीय) के पद के लिए आवेदन का प्रपत्र**

**जीवन-वृतत प्रपत्र**

| | | |
|---|---|---|
| **1** | नाम तथा डाक का पता (स्पष्ट अक्षरों में) और दूरभाष सं. | |
| **2** | जन्म तिथि (ईस्वी सन् में) | |
| **3** | केन्द्रीय सरकार के नियमों के अंतर्गत सेवानिवृत्ति की तारीख | |
| **4** | शैक्षिक अर्हताएं<br><br>(यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त हो, तो अलग से एक पत्रक जोड़ें, जो आपके हस्ताक्षर द्वारा विधिवत् प्रमाणित हो) | |
| **5 (क)** | (i) क्या आप मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं; **या** | |
| | (ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-7 (रु.44,900-142400) या तुल्य में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् दो वर्ष की सेवा की है; या | |
| | (iii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-6 (रु.35,400-112400) या तुल्य में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् छह वर्ष की सेवा की है; और | |
| **5 (ख)** | (i) क्या आपके पास किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान की बैचलर डिग्री है? और<br><br>(ii) क्या आपके पास केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या विश्वविद्यालय या सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्था या कानूनी संगठन या स्वायत्त संगठन में स्ट्रॉग रूम प्रचालनों या परीक्षाओं के आयोजन संबंधी संवेदनशील सामग्री को हैंडल करने का तीन वर्ष का अनुभव है? | |

केसांग

| | | |
|---|---|---|
| 5 (ग) | (क) क्या आप पूर्व सैनिक कार्मिक हैं?<br>(कृपया हां/नहीं में जवाब दें) | |
| | (ख) यदि सशस्त्र बल कार्मिक हैं तो, कनिष्ठ कमीशन अधिकारी या समकक्ष रैंक धारी हैं | |
| | (ग) यदि सशस्त्र बल कार्मिक हैं तो, क्या सेवानिवृत्त होने वाले हैं या एक वर्ष की अवधि के भीतर रिज़र्व में स्थानांतरित किए जाने वाले हैं? | |
| | **[कृपया बिंदु संख्या 5 (क) , 5 (ख) एवं 5 (ग) के समर्थन में दस्तावेज संलग्न करें]** | |
| 6 | कृपया यह सपष्ट रूप से उल्लेख करें कि क्या आपके द्वारा की गई उपर्युक्त प्रविष्टियों के आधार पर आप उक्त पद के लिए अपेक्षित अनिवार्य योग्यताओं तथा कार्य अनुभव को पूरा कर रहे हैं। | |
| 6.1 | **टिप्पणी: आवेदित पद के संदर्भ में संबंधित (बौरोइंग) विभागों को उम्मीदवार की संगत अनिवार्य योग्यता/कार्य अनुभव की पुष्टि करते हुए अपनी विशेष टिप्पणियां/मत दी जानी हैं (जैसा कि जीवनवृत्त में निर्दिष्ट किया गया है)** | |
| 7 | रोज़गार का कालक्रमानुसार ब्यौरा (सरकारी सेवा में प्रवेश से आरंभ करते हुए)। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त हो, तो अलग से एक पत्रक जोड़ें, जो आपके हस्ताक्षर द्वारा विधिवत् प्रमाणित हो। | |

| कार्यालय/ संगठन | क्या केन्द्रीय सरकार/ राज्य सरकार/ संघ राज्य क्षेत्र/ विश्वविद्यालय/ मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान/ पब्लिक सेक्टर उपक्रम/ कानूनी /स्वायत्त संगठन | धारित पद | वेतन का स्तर एवं मूल वेतन | सेवा की अवधि | | नियुक्ति का प्रकार (नियमित/तदर्थ/ प्रतिनियुक्ति) | नियुक्ति के दौरान किए गए कार्यों का स्वरूप संक्षिप्त में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | से | तक | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

केसाब।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 8 | (क) मूल कार्यालय/संगठन का नाम, जिससे आप संबंधित है<br>(ख) मूल कार्यालय की श्रेणी (केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार/अन्य)<br>(ग) वर्तमान रोज़गार का स्वरूप (तदर्थ/अस्थायी /स्थायी) | |
| 9 | यदि वर्तमान रोज़गार प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर है, तो कृपया बताएं :<br>(क) आरंभिक नियुक्ति की तारीख<br>(ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि<br>(ग) मूल कार्यालय/ संगठन का नाम, जिससे उम्मीदवार संबंधित हैं<br>(घ) मूल संगठन में मूल क्षमता पर धारित पद का नाम एवं पद पर वेतन | |
| 10 | वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त विवरण:-<br>कृपया बताएं आप निम्नलिखित में से किसके तहत कार्य कर रहे हैं: (संबद्ध कॉलम के समक्ष अपने नियोक्ता का नाम दर्शाएं) :<br>(क) केन्द्रीय सरकार<br>(ख) राज्य सरकार<br>(ग) संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन<br>(घ) विश्वविद्यालय<br>(ङ) मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्था<br>(च) पब्लिक सेक्टर उपक्रम<br>(छ) कानूनी संगठन<br>(ज) स्वायत्त संगठन | |
| 11 | कृपया बताएं कि क्या आप इसी विभाग में कार्य कर रहे हैं और फीडर ग्रेड में हैं या फीडर ग्रेड से फीडर ग्रेड में हैं। | |
| 12 | क्या आप संशोधित वेतनमान ले रहे हैं? यदि हां, तो बताएं कि किस तारीख से संशोधन हुआ और संशोधन-पूर्व वेतनमान भी दर्शाएं। | |

| तारीख | **ग्रेड वेतन सहित वेतनमान (संशोधन-पूर्व)** | **मूल वेतन (संशोधन-पूर्व)** | **वेतन के संशोधन की तारीख** | **7वें सीपीसी के अनुसार संशोधित मूल वेतन** | **7वें सीपीसी मेट्रिक्स में वेतन स्तर** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 13 | अब प्राप्त की जा रही कुल मासिक परिलब्धियां | |
| 14 | ऐसी अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसका उल्लेख आप इस पद हेतु अपनी उपयुक्तता के समर्थन में करना चाहते हैं। (यदि स्थान अपर्याप्त हो, तो अलग से एक पत्रक संलग्न करें)। | |
| 15 | अग्रेषण प्राधिकारी का नाम, टेलीफोन नं. सहित पूरा डाक पता | |
| 16 | क्या आप अ.जा./अ.ज.जा. से संबंधित हैं? | |
| 17 | टिप्पणी | |

केसांग
02/XI/2023

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

कार्यालय का पूरा पता

दूरभाष सं.

ईमेल आईडी

**दिनांक**

<u>अनुबंध-II</u>

**(नियोक्ता/ कार्यालय प्रमुख/ अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण-पत्र)**

प्रमाणित किया जाता है कि अभिलेखों में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार उपर्युक्त आवेदन में आवेदक ------------------------------------------------------------ द्वारा दी गई सूचना/ विवरण सही है। वे इस रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षिक अर्हताएं तथा अनुभव रखते/ रखती हैं। उनका चयन होने पर उन्हें तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि:-

i. श्री/श्रीमती------------------------------ के विरुद्ध कोई सतर्कता मामला लंबित/ विचारार्थ नहीं है।

ii. उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।

iii. भारत सरकार के अवर सचिव स्तर के किसी अधिकारी द्वारा विधिवत् अनुप्रमाणित की गई पिछले 5 वर्ष की ए सी आर (2016-17 से 2020-21) की फोटोप्रतियां संलग्न हैं।

iv. *पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर कोई दीर्घ/लघु शास्ति नहीं लगाई गई है।*

v. *पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर लगाई गई दीर्घ/लघु शास्तियों की सूची संलग्न है।*

**(*जो लागू न हो उसे काट दें)।**

हस्ताक्षर :
नाम और पदनाम :
टेलीफोन नं. :
फैक्स नं. :
कार्यालय मुहर:

**स्थान :**
**दिनांक :**

**अनुलग्नकों की सूची :**

1.
2.
3.
4.
5.